भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2265
(15 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

बिहार में बीपीएल बेघरों के लिए आवास

2265. श्री आशोक कुमार यादवः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले बेघर लोगों के लिए आवास निर्माण के लिए कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान बिहार में , विशेष रूप से मधुबनी और दरभंगा जिलों और मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त योजना से कितने लोग लाभान्वित हुए हैं; और
(ग) सरकार द्वारा मधुबनी और दरभंगा जिलों सहित बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बेघर लोगों को आवास सुविधा प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष (09.03.2022 तक) के दौरान बिहार के पात्र परिवारों के लिए पीएमएवाईजी के तहत मकानों के निर्माण के लिए जारी की गई कुल निधि निम्नानुसार है:

(राशि लाख में)

क्र.सं.	वि.व.	जारी की गई केन्द्रीय निधि
1.	2021-22 (09.03.2022 तक)	50,572.73
2.	2020-21	6,68,393.28
3.	2019-20	4,90,296.78
4.	2018-19	4,44,932.11
कुल		16,54,194.90

(ख): बिहार में , विशेषकर मधुबनी और दरभंगा जिले में तथा मधुबनी संसदीय क्षेत्र में उक्त योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या अनुबंध-I में दी गई है।

(ग): मंत्रालय वर्ष 2024 तक लक्षित मकानों के निर्माण को पूरा करने के लिए कई कदम उठा रहा है जैसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लक्ष्यों का समय पर आवंटन , भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए राज्य के साथ अनुवर्ती कार्रवाई, आईटी उपकरणों का उपयोग करके मकान स्वीकृति और निर्माण की सूक्ष्म निगरानी , राज्यों को समय पर निधियां जारी करना आदि। इसके आगे जिलों को वास्तविक लक्ष्यों के वितरण और वित्तीय आवंटन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य की होती है।

***

अनुबंध-I

"बिहार में बेघर बीपीएल परिवारों के लिए आवास" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2265 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

बिहार में, विशेषकर मधुबनी और दरभंगा जिले में उक्त योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या:

(इकाई सं. में)

क्र.सं.	राज्य/ जिला	2019-20		2020-21		2021-22	
		स्वीकृत मकान	निर्मित मकान	स्वीकृत मकान	निर्मित मकान	स्वीकृत मकान	निर्मित मकान
1.	बिहार	12,87,741	11,11,039	2,40,214	1,78,794	9,02,143	0
2.	मधुबनी	68,187	57,879	15,361	11,017	38,742	0
3.	दरभंगा	90,758	79,358	32,946	25,366	15,967	0

(9 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार)

मधुबनी संसदीय क्षेत्र में लाभान्वित लोगों की संख्या:

(इकाई सं. में)

क्र.सं.	ब्लॉक	2019-20		2020-21		2021-22	
		स्वीकृत मकान	निर्मित मकान	स्वीकृत मकान	निर्मित मकान	स्वीकृत मकान	निर्मित मकान
1.	बेनीपट्टी	3,437	2,685	739	458	3,584	0
2.	बिस्फी	5,981	5,159	1,003	728	1,825	0
3.	हरलाखी	2,335	1,943	741	524	791	0
4.	केवती	5,025	4,483	1,712	1,421	1,048	0
5.	जाले	6,431	5,487	1,306	974	991	0

(9 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार)